राजस्व लोक अदालत अभियान
न्याय आपके द्वार–2017

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, कुचामनसिटी,(नागौर)

पीठासीन अधिकारी :– रामसुख गुर्जर **RAS**

राजस्व वाद संख्या ....16.01.18.......... केम्प ग्राम पंचायत कुचामन

वादी — बनाम — प्रतिवादीगण

लाजवन्ती w/o नाथूलाल जाति कुमावत निवासी कुचामन सिटी

(1) हीरालाल पुत्र नाथूलाल जाति कुमावत नि. कुचामन सिटी
(2) तहसीलदार कुचामन सिटी

**वाद पत्र धारा 53,88,188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

## निर्णय

दिनॉक :- 11/7/18

वादी के वाद का संक्षिप्त में विवरण इस प्रकार है कि वादी श्री मती लाजवन्ती w/o नाथूलाल जाति कुमावत निवासी कुचामन सिटी तहसील कुचामनसिटी जिला नागौर का रहने वाला है,वादी का नाम ग्राम कुचामन के खाता संख्या/खसरा नम्बर 1295,1303,1304,1305,1306,1512,1513, 1514, 1555 श्री मती लाजवन्ती w/पुत्र नाथूलाल जाति कुमावत अंकित हो गया है, जो सही नही है। राशनकार्ड/ पहचान पत्र/आधार कार्ड मे सही नाम लाजवन्ती w/पुत्र नाथूलाल है, इसलिए उक्त खाता में गलत नाम हटाकर सही नाम का रेकार्ड में दुरूस्ती करने के आदेश फरमावे।

वादी का वाद दर्ज रजिस्टर कर तहसीलदार कुचामनसिटी को तहरीर जारी की गई। कि वादी के वाद पत्र में अंकित तथ्यो की जांच कर रिपोर्ट कैम्प कुचामन सिटी में पेश करे। पत्रावली केम्प कुचामन सिटी में पेश हुई । तहसीलदार की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत होने पर शामिल मिसल की गई। वादी ने अपने नाम का रेकर्ड में दुरूस्ती हेतु कैम्प कुचामन सिटी मे दस्तावेज पेश किये ,जो शामिल मिसल किये । कैम्प में उपस्थित मौतबरान से पूछताछ व वादी के वाद पत्र के संलग्न दस्तावेजात इत्यादि का अवलोकन एवं मनन करने पर वादी का वाद काबिल स्वीकार होने से कैम्प में ही स्वीकार कर आदेश निम्न प्रकार पारित किया गया।

## आदेश

ग्राम कुचामन सिटी तहसील कुचामनसिटी के खाता संख्या/खसरा नम्बर 1295,1303, 1304,1305,1306,1512,1513,1514,1555 में वादी श्री लाजा देवी w/पुत्र नाथूराम निवासी कुचामन की जगह वादी का सही नाम लाजवन्ती w/पुत्र नाथूलाल जाति कुमावत निवासी कुचामन सिटी दुरूस्त किया जाता है, शेष खाता बदस्तूर रहेगा । डिक्री पर्चा भरा जाकर शामिल मिसल किया जावे । राजस्व रेकार्ड में अमल दरामद हेतु तहसीलदार को तहरीर जारी हो , मिसल नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनॉक 11/7/18 को सरे आम कैम्प ...................... में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी ( नागौर )